# Daily Current Affairs

**Date : 21 August, 2025**

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | भारत का पहला ड्रोन – AI आधारित कृत्रिम वर्षा प्रयोग : रामगढ़ बाँध, जयपुर |
| 2. | सौर ऊर्जा निवेश योजनाओं में राजस्थान शीर्ष पर |
| 3. | अनंतजीत सिंह नरुका |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता – 2025<br>2. 7वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन – 2025<br>3. राजस्थान स्टेट महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप – 2025<br>4. राजस्थान में 5 नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ<br>5. मिशन हरयाळो राजस्थान के तहत् 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त<br>6. वर्ल्ड रैंकिंग पैरा आर्चरी प्रतियोगिता में राजस्थान के 2 खिलाड़ियों का चयन<br>7. 'सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी' अभियान |
| 5. | अमित शाह ने पेश किए तीन विधेयक : लोकसभा |
| 6. | ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 |
| 7. | चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा |
| 8. | नेशनल डीप ओशन मिशन |
| 9. | भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 10. | **जनजातीय क्षेत्रों के लिए योजनाएँ** |
| 11. | **सिनसिनाटी ओपन 2025** |
| 12. | **अंडर 20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 : सुमित मलिक और तपस्या** |
| 13. | **न्यूज़ इन शॉर्ट्स**<br>1. अमरनाथ यात्रा 2025 बनी देश की पहली जीरो-वेस्ट और प्लास्टिक-फ्री तीर्थयात्रा<br>2. भारत की GDP वृद्धि दर : RBI<br>3. उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025<br>4. शंकरा राव<br>5. कोलैटरल-फ्री पर्सनल लोन योजना : SBI |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

## भारत का पहला ड्रोन – AI आधारित कृत्रिम वर्षा प्रयोग : रामगढ़ बांध,

### चर्चा में क्यों?

- **भारत में पहली बार कृत्रिम वर्षा के लिए ड्रोन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित क्लाउड सीडिंग तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। यह पायलट परियोजना जयपुर स्थित रामगढ़ बाँध क्षेत्र में संचालित की जा रही है।**



### मुख्य बिन्दु :

- **इसका उद्देश्य 129 वर्ष पुराने जलाशय को पुनर्जीवित करना है, जो बीते दो दशकों से सूखा पड़ा हुआ है और वर्ष 1981 के बाद से अपनी पूर्ण क्षमता तक नहीं भर पाया है।**
- **इस पहल को भारत-अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनी GenX AI और राजस्थान सरकार के संयुक्त सहयोग से प्रारंभ किया गया है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### कृत्रिम वर्षा (Artificial Rain)

- कृत्रिम वर्षा एक तकनीक है जिसके माध्यम से वैज्ञानिक तरीकों से बारिश करवाई जाती है, विशेषकर तब जब प्राकृतिक वर्षा नहीं हो रही हो या बहुत कम हो रही हो। इसे बादल बीजारोपण (Cloud Seeding) कहा जाता है।
- क्लाउड सीडिंग में कुछ रासायनिक तत्त्वों का प्रयोग किया जाता हैं; जैसे –
  - सिल्वर आयोडाइड,
  - पोटेशियम आयोडाइड,
  - सोडियम क्लोराइड,
  - ठोस $CO_2$ (शुष्क बर्फ)
- इनके कण बादलों में जाकर जल की बूँदों को संघटित करते हैं, जिससे भारी होकर वे वर्षा के रूप में नीचे गिरने लगते हैं।

### उद्देश्य:

- सूखे क्षेत्रों में वर्षा के लिए,
- कृषि सहायता हेतु,
- जलाशयों और बाँधों में जल स्तर बढ़ाने हेतु,
- वायु प्रदूषण कम करने के लिए (जैसे: बीजिंग और दिल्ली) आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सौर ऊर्जा निवेश योजनाओं में राजस्थान शीर्ष पर

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में जारी 'प्रोजेक्ट्स टुडे' की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में राजस्थान ने वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही की तुलना में सौर ऊर्जा निवेश योजनाओं में महाराष्ट्र और गुजरात को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।



## मुख्य बिन्दु :

- रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान में 419 नई परियोजनाओं के जरिए कुल ₹2.69 लाख करोड़ का निवेश दर्ज हुआ। इनमें से लगभग 86 प्रतिशत निवेश सौर और पवन ऊर्जा क्षेत्र में हुआ है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- पहली तिमाही (जून-जुलाई) में 130 सौर और पवन परियोजनाओं ने ₹2.33 लाख करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- राजस्थान, जहाँ सौर विकिरण तीव्रता 6-7 किलोवाट घण्टे/वर्गमीटर/प्रतिदिन और वार्षिक 325 से अधिक सौर दिवस हैं, सौर ऊर्जा के लिए एक बड़ी क्षमता रखता है, जिसकी अनुमानित क्षमता नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार 142 गीगावाट है।
- राजस्थान की एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024 का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान देना है।
- इस नीति के तहत् वर्ष 2029-30 तक 115 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और 10 गीगावाट ऊर्जा भंडारण क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोमास और ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा दिया जाएगा।
- नवीकरणीय ऊर्जा/सौर पार्कों के बुनियादी ढाँचे के प्रबंधन एवं विकास के लिए राजस्थान सौर पार्क विकास कंपनी लिमिटेड (RRECL) की स्थापना की गई है।
- भड़ला, जोधपुर में 2,245 मेगावाट (MW) क्षमता का सोलर पार्क चार चरणों (फेज) में विकसित किया गया है, जिसका प्रथम फेज राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (RRECL) द्वारा स्वयं के स्तर पर विकसित किया गया है तथा द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ फेज को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की सोलर पार्क योजना के अन्तर्गत विकसित किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अनंतजीत सिंह नरुका

## चर्चा में क्यों?

- ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने कजाकिस्तान के शिमकेंट में जारी 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में मेंस स्कीट स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक (सीनियर श्रेणी) दिलाया।



## मुख्य बिन्दु :

- फाइनल मुकाबले में नरुका ने एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन मंसूर अल-रशीदी (कुवैत) को 57-56 से हराया।
- यह नरुका का एशियन चैंपियनशिप में पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक था, वहीं एशियन चैंपियनशिप में यह कुल पाँचवाँ पदक था।
- उल्लेखनीय है कि अनंतजीत सिंह नरुका ने पेरिस, 2024 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।
- **गिरीश गुप्ता (राजस्थान) :** चैंपियनशिप के जूनियर वर्ग में गिरीश गुप्ता ने दूसरा स्वर्ण पदक जीता। गिरीश और गंबर्या गौड़ा की जोड़ी ने ईरान को 16-14 से हराकर मिश्रित एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। गिरीश का इस चैंपियनशिप में यह तीसरा पदक है। इससे पूर्व उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता – 2025**<br>♦ हाल ही में, टोंक में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता में भीलवाड़ा ने गर्ल्स और बॉयज दोनों कैटेगरी में ओवरऑल चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया।<br>♦ बॉयज कैटेगरी में भीलवाड़ा ने 4 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर तथा गर्ल्स कैटेगरी में 3 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।<br>♦ प्रतियोगिता में बेस्ट जुडोका का खिताब बालिका वर्ग में कनिष्का राजावत (टोंक) और बालक वर्ग में राहुल खारोल (भीलवाड़ा) को प्रदान किया गया। |
| 2. | **7वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन – 2025**<br>♦ हाल ही में, सीकर में सम्पन्न 7वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन की बॉयज कैटेगरी में टोंक और गर्ल्स कैटेगरी में बीकानेर की टीमें विजेता रहीं।<br>♦ उपविजेता : बॉयज कैटेगरी में बीकानेर और गर्ल्स कैटेगरी में जयपुर। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **राजस्थान स्टेट महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप – 2025**<br>♦ हाल ही में, भीलवाड़ा में सम्पन्न हुई तीन दिवसीय राजस्थान स्टेट महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब बीकानेर ने जीता।<br>♦ फाइनल में बीकानेर की टीम ने अजमेर को 2-1 से हराया। सेमीफाइनल में बीकानेर ने सीकर को 7-1 और अजमेर ने झुंझुनू को 3-0 से हरा फाइनल में प्रवेश किया।<br>♦ इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी अमृतसर, पंजाब में आयोजित होने वाली 'राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल' में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। |
| 4. | **राजस्थान में 5 नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ**<br>♦ हाल ही में, नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने राजस्थान आवासन मण्डल की 5 आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ किया।<br>**मुख्य योजनाएँ:**<br>♦ बूंदी जिले की नैनवा आवासीय योजना।<br>♦ बारां जिले की अटरू आवासीय योजना।<br>♦ बाड़मेर जिले की लंगेरा आवासीय योजना।<br>♦ धौलपुर जिले की बाड़ी रोड आवासीय योजना।<br>♦ उदयपुर जिले की पानेरिया की मादड़ी आवासीय योजना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 5. | **मिशन हरयाळो राजस्थान के तहत् 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त**<br>♦ प्रदेश में 'हरयाळो राजस्थान' अभियान के तहत् एक वर्ष में (2025) 10 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया।<br>♦ राज्य सरकार का आगामी 5 वर्ष में इस अभियान के तहत् 5 करोड़ पौधे लगाए जाने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य है।<br>♦ **सर्वाधिक पौधरोपण :** जयपुर, 73.58 लाख।<br>♦ **न्यूनतम पौधरोपण :** डीड़वाना – कुचामन, 11.07 लाख। |
| 6. | **वर्ल्ड रैंकिंग पैरा आर्चरी प्रतियोगिता में राजस्थान के 2 खिलाड़ियों का चयन**<br>♦ बीकानेर के दो तीरंदाज पैरालिंपियन श्याम सुंदर स्वामी एवं धनाराम गोदारा का चेक गणराज्य में आयोजित होने वाली वर्ल्ड रैंकिंग पैरा आर्चरी प्रतियोगिता में भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम में चयन हुआ है।<br>♦ **प्रतियोगिता का आयोजन :** 23 से 31 अगस्त, 2025<br>♦ श्याम सुंदर स्वामी इस प्रतियोगिता में कंपाउंड टीम से भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे वहीं, धनाराम गोदारा रिकर्व टीम का हिस्सा होंगे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| 7. | **'सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी' अभियान**<br>♦ राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने 20 अगस्त, 2025 को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब (जयपुर) से महिला जागरूक सुरक्षा अभियान 'सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी' का शुभारंभ किया।<br>♦ जयपुर पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनों एवं सुरक्षा के प्रति प्रभावी जागरूकता, आमजन को जागरूक करने एवं महिलाओं के विरुद्ध घटित आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए इस अभियान का आयोजन 20 से 26 अगस्त, 2025 तक किया जाएगा। |
|---|---|

CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## अमित शाह ने पेश किए तीन विधेयक : लोकसभा



### चर्चा में क्यों?

- 20 अगस्त, 2025 को केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा लोकसभा में तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए, जिनमें संविधान संशोधन विधेयक भी शामिल है।

### मुख्य बिन्दु :

| संविधान (130वाँ संशोधन) विधेयक, 2025 | जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 | केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 |
|---|---|---|
| **उद्देश्य** : संवैधानिक नैतिकता और सुशासन को सुनिश्चित करना। | **संशोधन** : यह विधेयक जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन प्रस्तावित करता है। | **उद्देश्य** : इन विधेयकों का लक्ष्य गंभीर अपराधों में लिप्त नेताओं के खिलाफ जवाबदेही सुनिश्चित करना और जनता का संवैधानिक विश्वास बनाए रखना। |
| **प्रावधान** : यह विधेयक गंभीर अपराधों (5 वर्ष या अधिक कारावास वाले) के आरोप में 30 दिनों तक हिरासत में रहने वाले प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को हटाने का प्रावधान करता है। | **प्रावधान** : जोड़ी नई धारा (5A) के तहत, गंभीर अपराधों में 30 दिनों तक हिरासत में रहने वाले मंत्री को उपराज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की सलाह पर 31वें दिन तक हटाया जाएगा। यदि सलाह नहीं मिलती, तो मंत्री स्वतः पदमुक्त हो जाएगा। | **प्रावधान** : यह विधेयक केंद्र शासित प्रदेशों में भी समान प्रावधान लागू करने का प्रयास करता है, ताकि सुशासन और जनता का विश्वास बना रहे। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- 20 अगस्त, 2025 को लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 पारित किया गया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- यह विधेयक ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करता है, जबकि हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाता है।
- **पेश :** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा।
- **उद्देश्य :** व्यक्तियों, विशेषकर युवाओं और कमजोर वर्ग को ऐसे खेलों के प्रतिकूल प्रभाव से बचाना।

**प्रावधान :**

- **विधेयक में तीन खंड हैं :** ई-स्पोर्ट्स, ऑनलाइन सोशल गेम्स और ऑनलाइन मनी गेम्स।
- **ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण :** इस क्षेत्र के समन्वित नीतिगत समर्थन, रणनीतिक विकास और नियामक निगरानी के लिए एक ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण की नियुक्ति का प्रावधान किया गया।
- प्रस्तावित कानून में एक वैधानिक नियामक प्राधिकरण की स्थापना को मनी गेम और नॉन मनी गेम के निर्धारण की शक्ति प्रदान की गई हैं।

**सजा का प्रावधान :**

- कानून का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाएं प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को 3 वर्ष तक की कैद या ₹1 करोड़ तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।
- ऐसी सेवाओं का विज्ञापन करने वालों को 2 वर्ष तक की सजा और/या ₹50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। रीयल मनी गेम्स के लिए लेनदेन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी 3 वर्ष तक की सजा या ₹1 करोड़ के जुर्माने सहित दंड के लिए उत्तरदायी होंगे।
- बार-बार अपराध करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। इसमें तीन से 5 वर्ष की सजा और दो करोड़ रुपये तक का जुर्माना शामिल है।
- यह विधेयक ऑनलाइन मनी गेम्स खेलने वालों को अपराधी नहीं मानता, बल्कि उन्हें पीड़ित मानता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा

### चर्चा में क्यों?

- चीन के विदेश मंत्री और कम्युनिस्ट पार्टी पोलित ब्यूरो के सदस्य वांग यी ने दो दिवसीय भारत की यात्रा की, जिसमें भारत-चीन सीमा विवाद पर विशेष प्रतिनिधि मंडल स्तर की 24वें दौर की वार्ता भी शामिल हैं।



### मुख्य बिन्दु:

**वार्ता के परिणाम :**

1. दोनों देश लिपुलेख पास, शिपकिला पास और नाथूला पास से बॉर्डर ट्रेड फिर शुरू करने पर सहमत हुए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान शुरू करने और नया एयर सर्विसेज एग्रीमेंट करने पर सहमति बनी।

3. सीमा प्रबंधन वर्किंग ग्रुप बनाने, सीमा पर शांति बनाए रखने और डि एस्केलेशन की प्रक्रिया शुरू करने पर दोनों देशों में सहमति बनी।

4. प्रधानमंत्री 31 अगस्त से सितंबर तक चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।

5. चीन वर्ष 2026 में भारत की बिक्स की मेजबानी तथा भारत 2027 में चीन में मेजबानी का समर्थन करेगा।

6. रेयर अर्थ मिनरल्स का 70% हिस्सा चीन के पास है। यह ड्रोन, बैटरी स्टोरेज, डिफेंस, सैटेलाइट /स्पेस तकनीक के लिए अहम हैं। भारत, स्यर अर्थ मैग्नेट आयात का 80% चीन से लेता है।

7. भारत को चीन से उर्वरक, रेयर अर्थ मिनरल्स, सुरंग खोदने वाली मशीनें और आपात हइड्रोलॉजिकल सूचना प्राप्त होगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## नेशनल डीप ओशन मिशन

### चर्चा में क्यों?

- **20 अगस्त, 2025 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में नेशनल डीप ओशन मिशन के संबंध में जानकारी प्रदान की।**




### मुख्य बिन्दु:

- **शुरुआत : पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) द्वारा 7 सितम्बर, 2021 को भारत का डीप ओशन मिशन शुरू किया गया।**
- **उद्देश्य : गहरे समुद्र की सजीव और निर्जीव संपदा की खोज और सतत् उपयोग के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना।**
- **अवधि एव परिव्यय : यह मिशन पाँच वर्षों में ₹4077 करोड़ के कुल निवेश के साथ, ब्लू इकोनॉमी के विकास की राष्ट्रीय परियोजना के रूप में डिजाइन किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मिशन के घटक

- **गहरे समुद्र की जैव विविधता के अन्वेषण और संरक्षण के लिए तकनीकी नवाचार :** इसका मुख्य उद्देश्य गहरे समुद्र के वनस्पतियों, जीवों और सूक्ष्मजीवों की जैव-खोज के साथ-साथ गहरे समुद्र के जैविक संसाधनों के सतत् उपयोग पर अनुसंधान करना है।
- **गहरे समुद्र का सर्वेक्षण और अन्वेषण :** यह पहल हिंद महासागर के मध्य-महासागरीय कटकों के साथ बहु-धातु हाइड्रोथर्मल सल्फाइड स्थलों की पहचान करने पर केंद्रित है और ब्लू इकोनॉमी के तहत् गहरे समुद्र के संसाधनों की खोज का समर्थन करती है।
- **महासागर से ऊर्जा और मीठा पानी :** यह अवधारणा सिद्धांत एक अपतटीय महासागर तापीय ऊर्जा रूपांतरण (OTEC) संचालित विलवणीकरण संयंत्र के लिए अध्ययन और इंजीनियरिंग डिजाइन का प्रस्ताव करता है।
- **महासागर जीव विज्ञान के लिए उन्नत समुद्री स्टेशन :** यह घटक महासागर जीव विज्ञान और इंजीनियरिंग में प्रतिभा और नवाचार के निर्माण पर केंद्रित और ऑन-साइट इन्क्यूबेटरों के माध्यम से अनुसंधान को औद्योगिक उत्पादों में परिवर्तित करता है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

- भारत के 9 तटीय राज्य और 1382 द्वीप 7517 किलोमीटर लंबी तटरेखा का निर्माण करते हैं।
- **सतत विकास के लिए महासागर विज्ञान का दशक :** जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों का समाधान प्रदान करने हेतु संयुक्त राष्ट्र ने 2021-2030 के दशक को ‘सतत विकास के लिए महासागर विज्ञान का दशक’ नाम दिया है।

### समुद्रयान परियोजना :

- **उद्देश्य :** मानवयुक्त पनडुब्बी के माध्यम से गहरे समुद्र में अन्वेषण के अपने पहले घटक पर कार्य करना।
- **मत्स्य 6000 :** एक स्व-चालित मानवयुक्त पनडुब्बी, जो तीन व्यक्तियों को समुद्र की सतह से 6,000 मीटर नीचे तक की गहराई तक ले जाने में सक्षम है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

### भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **भारत में प्रति वर्ष 20 अगस्त को भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य अक्षय ऊर्जा के महत्त्व और इसके लाभों के प्रति जागरूकता फैलाना है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु:**

- **यह दिन अक्षय ऊर्जा स्रोतों; जैसे - सौर, पवन और जल ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।**
- **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2004 में शुरू किया गया यह दिवस अक्षय ऊर्जा संक्रमण के लिए भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।**
- **नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। 29.52 गीगावाट की रिकॉर्ड वार्षिक क्षमता वृद्धि के साथ, देश में कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा (RE) क्षमता 31 मार्च, 2025 तक 220.10 गीगावाट तक पहुँच गई है, जो पिछले वित्त वर्ष में 198.75 गीगावाट थी।**
- **यह प्रदर्शन प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित 'पंचामृत' लक्ष्यों के तहत् अपनी प्रतिबद्धताओं के तहत, वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित क्षमता प्राप्त करने के लक्ष्य की ओर भारत की निरंतर प्रगति को दर्शाता है।**
- **यह दिन भारत के पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की जयंती को भी चिह्नित करता है, जिन्होंने सतत् विकास और नवीकरणीय ऊर्जा पहल को बढ़ावा देने और समर्थन करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।**
- **'अक्षय' शब्द संस्कृत से लिया गया है, जिसका अर्थ है "शाश्वत" या "अविनाशी" अर्थात अक्षय ऊर्जा का अर्थ "शाश्वत ऊर्जा" है, जो अक्षय ऊर्जा का पर्याय है, जो ऐसे ऊर्जा स्रोतों की अंतहीन और टिकाऊ प्रकृति का प्रतीक है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# योजनाएँ

## जनजातीय क्षेत्रों के लिए योजनाएँ

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **20 अगस्त, 2025 को केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री द्वारा देश में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और विकास के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

| योजनाओं/कार्यक्रमों | शुभारंभ | विशेष विवरण |
|---|---|---|
| धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान | 2 अक्टूबर, 2024 | इस अभियान में 17 लाइन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपाय शामिल हैं।<br>5 वर्षों में 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की5 करोड़ से अधिक जनजातियों को आजीविका के अवसर प्रदान करना। |
| प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (PM जनमन) | 15 नवंबर, 2023 (जनजातीय गौरव दिवस) | 3 वर्षों में समयबद्ध तरीके से PVTG परिवारों को स्थायी आजीविका और बुनियादी सुविधाए प्रदान करना। |
| प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (PMJVM) | वर्ष 2020 | **दो योजनाओं का विलय :** "न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के माध्यम से लघु वन उपज (MFP) के विपणन के लिए तंत्र और MFP के लिए मूल्य श्रृंखला का विकास" और "जनजातीय उत्पादों/उपज के विकास और विपणन के लिए संस्थागत सहायता"। |
| एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (EMRS) | वर्ष 2018-19 | **उद्देश्य :** जनजातीय बच्चों को उनके अपने परिवेश में नवोदय विद्यालय के समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए। |
| संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत अनुदान | - | **प्रावधान :** अनुसूचित क्षेत्रों में प्रशासन के स्तर को बढ़ाने और जनजातीय लोगों के कल्याण हेतु अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले राज्यों को अनुदान जारी किए जा सकते हैं। |
| अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति | - | **लागू :** कक्षा IX-X कक्षा के विद्यार्थियों पर।<br>**छात्रवृत्ति :** दिवा छात्रों को 225 रुपये प्रति माह और छात्रावास में रहने वालों को 525 रुपये प्रति माह की छात्रवृत्ति वर्ष में 10 महीने की अवधि के लिए प्रदान की जाती है।<br>पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों हेतु 90:10 और अन्य राज्यों के लिए 75:25 के अनुपात में वित्तपोषण। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेल परिदृश्य

### सिनसिनाटी ओपन 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

▪ 5 से 18 अगस्त, 2025 तक सिनसिनाटी ओपन 2025 (टेनिस) का आयोजन सिनसिनाटी, ओहायो (USA) में किया गया।




➲ **मुख्य बिन्दु :**

| | महिला वर्ग | पुरुष वर्ग |
|---|---|---|
| विजेता | इगा स्वियाटेक (पोलैंड) | कार्लोस अल्काराज़ (स्पेन) |
| उपविजेता | जैस्मिन पाओलिनी (इटली) | जैनिक सिनर (इटली) |
| उपलब्धियां | यह स्वियाटेक का 24वां करियर खिताब और 11वां WTA 1000 टाइटल है। | यह ख़िताब अल्काराज़ का वर्ष 2025 का छठा खिताब तथा करियर की 22वीं टूर-स्तरीय ट्रॉफी और आठवां ATP मास्टर्स 1000 का टाइटल मिला। |
| | वर्ष 2024 के इटालियन ओपन के बाद यह पहला खिताब था। | वर्ष 2025 में कार्लोस अल्काराज़ और जैनिक सिनर की लगातार चौथी फाइनल भिड़ंत (रोम, रोलां गैरो, विंबलडन, सिनसिनाटी) थी। |
| | यह स्वियाटेक का पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब। | |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंडर 20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 : सुमित मलिक और तपस्या

## चर्चा में क्यों?

- बुल्गारिया के समोकोव में चल रही अंडर 20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में पहलवान सुमित मलिक ने पुरुषों के 57 किलोग्राम वर्ग में रूस के मैगोमेड ओडजामिरो से हारकर रजत पदक जीता।



## मुख्य बिन्दु :

- **तपस्या :** भारतीय पहलवान तपस्या ने बुल्गारिया में आयोजित अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में नॉर्वे की फेलिसिटास डोमजेवा को हराकर देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता।
- **सृष्टि :** महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में, भारत की सृष्टि ने फाइनल में जापान की रे होशिनो से हारकर रजत पदक जीता।

### भारत का अब तक का प्रदर्शन :

- अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में अब तक भारतीय पहलवानों ने एक स्वर्ण और दो रजत सहित तीन पदक जीते हैं।

### भारत का पिछला प्रदर्शन :

- वर्ष 2024 में स्पेन में हुई विश्व चैंपियनशिप में, भारत ने सात पदक जीते थे, जिनमें एक स्वर्ण, एक रजत और पाँच कांस्य शामिल थे। महिलाओं के 76 किलोग्राम भार वर्ग में ज्योति बेरवाल ने एकमात्र स्वर्ण पदक जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **अमरनाथ यात्रा 2025 बनी देश की पहली जीरो-वेस्ट और प्लास्टिक-फ्री तीर्थयात्रा**  ♦ जम्मू-कश्मीर प्रशासन और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (SASB) के प्रयासों से तीर्थयात्रा पूरी तरह जीरो-लैंडफिल और प्लास्टिक-फ्री रही। ♦ यात्रा के दौरान रोजाना करीब 11.67 मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न हुआ, जिसे पूरी तरह से कम्पोस्टिंग और रीसाइक्लिंग कर दिया गया। इसके लिए ट्विन-बिन स्टेशन, कचरा संग्रहण वाहन, मोबाइल टॉयलेट और सफाईमित्रों की तैनाती की गई थी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ♦ "प्लास्टिक लाओ, थैला ले जाओ" और "बिन इट, विन इट" जैसी पहल से यात्रियों को कचरा अलग करने और जिम्मेदारी से फेंकने के लिए प्रेरित किया गया।<br>♦ इसके अतिरिक्त "ग्रीन प्लेज" अभियान के तहत् श्रद्धालुओं ने भविष्य में भी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने का संकल्प लिया। |
| 2. | **भारत की GDP वृद्धि दर : RBI**<br><br>♦ 19 अगस्त, 2025 को RBI मौद्रिक नीति कमेटी (MPC) जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत की GDP वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत से अधिक 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान हैं।<br>♦ ICRA के अनुसार, सर्विसेज GVA वृद्धि दर FY26 की पहली तिमाही में 8.3% तक पहुंच सकती है, जो FY25 की चौथी तिमाही में 7.3% थी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.**

## उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025



♦ **पारित :** **20 अगस्त, 2025 को उत्तराखंड विधानसभा द्वारा उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान अधिनियम 2025 किया गया।**

**प्रावधान :**

1. **राज्य में अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लिए मिलता था, लेकिन इस नए विधेयक के तहत् सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध और पारसी समुदायों को भी यह सुविधा मिलेगी।**
2. **1 जुलाई, 2026 से मदरसा बोर्ड भंग कर उसकी जगह उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन होगा।**
3. **मान्यता के लिए संस्थानों का एक्ट में पंजीकरण और संपत्ति उनके नाम पर होना अनिवार्य होगा।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**4.**

## शंकरा राव



- तेलंगाना के खम्मम के शंकरा राव ने नेशनल पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में नेशनल रिकॉर्ड बनाया है।
- राव ने 83 किलो श्रेणी में तीन एकल गोल्ड और एक ओवरऑल चैम्पियनशिप गोल्ड जीता।

**5.**

## कोलैटरल-फ्री पर्सनल लोन योजना : SBI




- **शुरुआत :** 15 अगस्त, 2025 को भारतीय स्टेट बैंक (SBI) द्वारा अग्निवीरों के लिए कोलैटरल-फ्री पर्सनल लोन योजना।

**लागू :**

- **रिटेल ग्राहकों के लिए :** 15 अगस्त 2025 से
- **कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए :** 8 सितम्बर 2025 से

**ब्याज दर और अवधि ;**

- **फ्लैट ब्याज दर :** 4 लाख रु तक का लोन पर 10.50% ब्याज दर।
- **वैधता :** 30 सितम्बर 2025 तक।
- **पुनर्भुगतान अवधि :** अग्निपथ योजना की सेवा अवधि के अनुरूप होगी।
- **छूट :** 25,000 रु तक के ऑनलाइन IMPS ट्रांसफर फ्री रहेंगे।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR